हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
17 जुलाई 2024, समय 1305

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कल फरीदाबाद के ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र में एशिया की पहली स्वास्थ्य अनुसंधान संबंधी प्रायोगिक नेटवर्क सुविधा का उद्घाटन किया। मंत्रालय ने कहा कि यह दुनिया भर में नौवीं और पूरे एशिया में ऐसी पहली नेटवर्क प्रयोगशाला होगी।डॉ० जितेंद्र सिंह ने अनुसंधान और विकास के लिए अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों और उद्योगों को परीक्षण के लिए सूक्ष्मजीवी कल्चर प्रदान करने और एक भंडार के रूप में कार्य करने के लिए आनुवंशिक रूप से परिभाषित मानव संबंधी सूक्ष्मजीवी कल्चर एकत्रित करने की सुविधा का उद्घाटन किया केन्द्रीय मंत्री ने मंत्रालय के तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा टीका विकास के लिए निजी क्षेत्र के साथ एक दर्जन से अधिक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए।

मुहर्रम का पर्व आज देश भर में श्रद्धा और पवित्रता के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है।
हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों ने कर्बला की लडाई में सत्य और न्याय के लिए कुर्बानी दी थी। इस अवसर पर देश भर में ताजिए के जुलूस निकाले जाते हैं। साथ ही धार्मिक बैठकें और मजलिसें भी आयोजित होती हैं, जिन में कर्बला के शहीदों के सर्वोच्च बलिदान का उल्लेख किया जाता है। इस पर्व के आयोजन को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

केंद्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू कामकाज के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी।बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख से अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा। केंद्रीय बजट 23 जुलाई को प्रस्तुत किया जाएगा। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा।पिछले महीने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण का प्रभावी दस्तावेज होगा।

हरियाणा राज्य मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो की कुरुक्षेत्र इकाई और जिला पुलिस कुरुक्षेत्र के साँझा प्रयास से कल बिजली उप केंद्र धुराला मे पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के माध्यम से लोगों को पर्यावरण को संतुलित करने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया । कार्यक्रम मे जिला पुलिस अधीक्षक जश्नदीप सिंह रंधावा ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। पुलिस अधीक्षक ने जामुन, हरियाणा राज्य मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक राजकुमार कौशिक ने नीम और बिजली उपकेंद्र धुराला के कार्यकारी अभियंता विजेंद्र सिंह ने त्रिवेणी का वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक राजकुमार कौशिक ने कहा कि पेड़ पौधों की निरंतर कम हो रही संख्या चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि दूषित हो रहे पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है पौधारोपण के बाद पौधों की देखभाल करना भी जरूरी है ।

हरियाणा भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो की टीम ने अम्बाला जिला में तैनात 2 गृह रक्षक सरनजीत सिंह तथा हरविंदर सिंह को 10000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है । आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता के भाई तथा बहन पर झूठा मुकदमा दर्ज करने का डर दिखा कर रिश्वत के तौर पर 20000 रुपए की मांग की जा रही थी।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो की टीम ने तथ्यों की जांच पड़ताल की और दोनों आरोपियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। मामले में सभी आवश्यक सबूत जुटाते हुए गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ अंबाला के विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा प्रदेश के गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवारों की महिलाओं के लिए पंचकूला में 10 दिन का ई-रिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण निशुल्क प्रदान किया जायेगा।हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक कमलेश कुमारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ हरियाणा राज्य की मूल निवासी 18 से 45 वर्ष के की महिलाएं ले सकती हैं । ऐसे परिवारों की महिलाएं भी प्रशिक्षण ले सकती हैं जिनकी वार्षिक आय परिवार पहचान पत्र में एक लाख 80 हजार रुपये या इससे कम है उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन करने वाली महिला का 8वीं पास होना जरूरी है । उच्चतर शैक्षणिक योग्यता को वरीयता दी जाएगी। महिला का

वैध लर्नर लाइसेंस धारक होना भी जरूरी है।उन्होंने बताया कि पात्र महिलाएं सम्बन्धित जिला कार्यालय में ईमेल hwdcpanchkula@gmail.com पर तथा आर्फलाईन आवेदन कर सकती हैं।अधिक जानकारी के लिये निगम के कार्यालय, में फोन पर भी सम्पर्क किया जा सकता है ।